हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 9 जुलाई 2025

06 किसान संघ ने खोला मोर्चा, आक्रोशित किसान...



07 आपूर्ति विभाग का खेल! अकेले ब्यावरा ब्लॉक से ...





## खबर संक्षेप

### ओटीआर रजिस्ट्रेशन 30 तक कराना अनिवार्य

**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार कक्षा नौवीं से कॉलेज स्तर तक अध्ययनरत अनुसूचित जाति एवं जनजातीय वर्ग के विद्यार्थी जिन्हें केन्द्र प्रवर्तित प्री-मैट्रिक अथवा पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का लाभ प्राप्त होता है और जिनके परिवार की वार्षिक आय सीमा 02 लाख 50 हजार से कम है, उन्हें वर्ष 2025-26 में छात्रवृत्ति योजना का लाभ प्राप्त करने के लिये नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर वन टाइम रजिस्ट्रेशन (ओटीआर) कराना अनिवार्य है। विद्यार्थियों को एक बार ओटीआर नम्बर प्राप्त करने के पश्चात भविष्य में भी आगामी कक्षाओं में इसी नम्बर के आधार पर छात्रवृत्ति योजनाओं का लाभ मिल सकेगा तथा फिर से ओटीआर कराने की आवश्यकता नही होगी। विद्यार्थी को 30 जुलाई 2025 से पहले अपना ओटीआर रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है।

### काउंसलिंग की अंतिम तिथि 14 अगस्त

**सीहोर।** शासकीय महिला पोलिटेक्निक महाविद्यालय में अनुसूचित जाति वर्ग की छात्राओं छात्राओं के पूर्णतः निःशुल्क है। संस्था में तीन वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रमों कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग ब्रांच एवं मार्डन ऑफिस मैनेजमेंट ब्रांच में द्वितीय चरण की प्रवेश प्रक्रिया उपरांत शेष रही रिक्त स्थानों की पूर्ति के लिए कॉलेज लेवल काउंसलिंग के लिए ऑनलाईन पंजीयन 18 जून से प्रारंभ हो गये है। संस्था प्राचार्य डीआर वर्मा ने बताया कि कक्षा 10वीं उत्तीर्ण छात्राएँ पंजीयन के उपरांत प्रवेश का पहला अवसर 2 जुलाई 2025 को दिया जायेगा, इसके बाद रिक्त स्थान भरने तक प्रत्येक सप्ताह सोमवार, बुधवार, एवं शुक्रवार को संस्था स्तर पर काउंसलिंग की जावेगी, तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा काउंसलिंग की अंतिम तिथि 14 अगस्त तय की गई है। इच्छुक छात्राएँ कार्यालयीन समय में संस्था में उपस्थित होकर प्रवेश संबंधी जानकारी डॉ० स्मिता शर्मा एवं ओपी श्रीवास्तव से प्राप्त कर सकती है।

### कृषि आधारित उद्योग लगाने पर मिलेगी 50 प्रतिशत सब्सिडी

**सीहोर।** किसानों को कृषि आधारित उद्योग लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। कृषि उद्योग समागम मेला भी लगाए जा रहे हैं। कृषि आधारित उद्योग लगाने वाले किसानों को 50 प्रतिशत तक की सब्सिडी दी जाएगी। कृषि उद्योग से जुड़े रोजगार परक कारखाने बनायेंगे, जहां काम करने वाले को 5 हजार रुपये महिने भी दिये जायेंगे।

### जिले की इछावर तहसील स्थित ग्रामीण विकास व पर्यावरण केंद्र (सीआरडीई) का मामला

# अनियमितताओं के कारण भंग की संस्था में प्रशासक बनाए गए एसडीएम ने भी की वित्तीय गड़बड़ियां!

### सीआरडीई की एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्रद्धा फोगाट ने लिखा एसडीएम इछावर एवं तत्कालीन प्रशासक जमील खान को पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिस संस्था को वित्तीय अनियमितताओं के कारण भंग किया गया और उसमें प्रशासक बैठाए गए। उन प्रशासक ने भी यहां पर जमकर वित्तीय गड़बड़ियां की। नियम विरुद्ध तरीके से खुद का मानदेय तक निकाल लिया। अन्य भत्ते भी लिए गए। मामला सीहोर जिले की इछावर तहसील के ग्राम सेवनियां स्थित ग्रामीण विकास एवं पर्यावरण केंद्र (सीआरडीई) का है। अब सीआरडीई की एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्रद्धा फोगाट ने तत्कालीन प्रशासक एवं इछावर एसडीएम जमील खान को पत्र लिखकर उनसे अनियमितताओं पर स्पष्टीकरण भी मांगा है।

औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग मध्यप्रदेश द्वारा एक दिसंबर 2022 को एक आदेश निकाला गया, जिसमें कहा गया कि ग्रामीण विकास एवं पर्यावरण केंद्र (सीआरडीई) में व्याप्त अनियमितताओं के कारण संस्था के शासी निकाय को आरोप-पत्र, अभिकथन पत्रक सहित कारण बताओ नोटिस दिया गया। इसके साथ ही कलेक्टर भोपाल द्वारा नामांकित डिप्टी कलेक्टर के पर्यवेक्षण में कार्य करने संबंधी निर्देश ज्ञाप क्रमांक एफ-13-15/2022/बी-11 दिनांक 11 मई 2022 को जारी कर संस्था से अपेक्षा की गई थी कि वे कारण बताएं। आदेश में कहा गया था कि क्यों न संस्था के शासी निकाय को अधिनियम की धारा-33(1) के तहत भंग कर दिया जाए। इसके बाद संस्था द्वारा दिनांक 16 जून 2022 को स्पष्टीकरण देते हुए बताया गया कि संस्था से संबंधित विभिन्न विवाद उच्च न्यायालय में विचाराधीन है। इस मामले में रजिस्ट्रार फर्म्स एवं संस्थाएं मप्र भोपाल द्वारा संस्था के स्पष्टीकरण पर अपना बिंदुवार प्रतिवेदन प्रेषित कर उत्तर समाधानकारक न पाते हुए संस्था के विरुद्ध अधिनियम की धारा -33(1) के तहत आगामी कार्रवाई की जाना प्रस्तावित किया गया। इसके बाद संस्था को भंग करके संचालन हेतु कलेक्टर सीहोर को संस्था का प्रशासक नियुक्त किया गया।




#### एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर ने लिखा एसडीएम को पत्र

इस मामले में ग्रामीण विकास एवं पर्यावरण केंद्र (सीआरडीई) की एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्रद्धा फोगाट ने एसडीएम इछावर जमील खान को पत्र लिखकर इसका स्पष्टीकरण मांगा है। एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर द्वारा इस संबंध में तीन-तीन पत्र लिखे गए। उन्होंने पहला पत्र दिनांक 18 फरवरी 2025 को लिखा, जिसका एसडीएम इछावर जमील खान द्वारा कोई जबाव प्रस्तुत नहीं किया गया। इसके बाद दूसरा रिमाइंटर लेटर 17 मार्च 2025 को लिखा गया। एसडीएम ने इसका भी कोई जबाव नहीं दिया। इसके बाद तीसरा पत्र दिनांक 9 मई 2025 को लिखा गया, जिसमें सीआरडीई की एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्रद्धा फोगाट ने लिखा कि आपके द्वारा संस्था में प्रशासक रहते हुए अनाधिकृत मानदेय का भुगतान खुद के हस्ताक्षर से ही कर लिया गया। यह नियम विरुद्ध है। उन्होंने पत्र में लिखा कि आपका ध्यान एक बार फिर इस तथ्य की ओर आकर्षित करना चाहते हैं कि किसी भी सरकारी आदेश या अधिसूचना में चाहे वह आपको प्रशासक नियुक्त करता हो। इस तरह के वित्तीय अधिकार को अधिकृत नहीं किया गया है। इसके अलावा पहले ही कहा जा चुका है कि आपके पूर्ववर्ती तत्कालीन कलेक्टर सीहोर ने ऐसा कोई लाभ नहीं लिया था। यह अत्यंत चिंताजनक है कि मामले की गंभीरता और पर्याप्त समय दिए जाने के बावजूद आपकी ओर से कोई प्रतिक्रिया, स्पष्टीकरण या दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए गए हैं। लगातार तीन पत्रों के बाद भी आपका जबाव नहीं आना प्रशासनिक जवाबदेही और पारदर्शिता के बुनियादी मानदंडों को कमजोर करती है। निष्पक्षता और संस्थागत अखंडता के हित में हम एक बार फिर आपसे एक व्यापक उत्तर देने का आग्रह करते हैं, जो आपके कार्य को उचित ठहराने वाले दस्तावेजी साक्ष्य (यदि कोई हो) द्वारा समर्थित हो।

#### आदेश निकालकर एसडीएम इछावर को बनाया प्रशासक


सीहोर कलेक्टर को प्रशासक नियुक्त करने के बाद औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग ने दिनांक 10 अगस्त 2023 को एक अन्य आदेश निकाला, जिसमें कहा गया कि 1 दिसंबर 2022 को सेंटर फॉर रूरल डेवलपमेंट एंड एनवायरमेंट भोपाल जिला भोपाल में कलेक्टर सीहोर को मध्यप्रदेश सोसायटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1973 की धारा-33(1) के अधीन प्रशासक नियुक्त किया गया था। अब उक्त आदेश में संशोधन करते हुए कलेक्टर सीहोर के स्थान पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) इछावर जिला सीहोर को प्रशासक नियुक्त किया जाता है। एसडीएम इछावर जमील खान यहां पर अगस्त-2023 से अक्टूबर-2024 तक प्रशासक पदस्थ रहे। इस दौरान उन्होंने प्रतिमाह तीन हजार रुपए के हिसाब से 15 माह के मानदेय के रूप में 45 हजार रुपए की राशि निकाली। इसके अलावा अन्य भत्ते भी निकाले गए।

#### आवेदन नहीं आया है

मेरे पास कृषि विज्ञान केंद्र सेवनिया की तरफ से कोई किसी प्रकार का आवेदन नहीं आया है।

जमील खान, एसडीएम इछावर

### गायत्री शक्ति पीठ परिसर पर भव्यता के साथ गुरु पूर्णिमा का पर्व मनाया जाएगा



**सीहोर।** गायत्री शक्ति पीठ के उपप्रमुख ट्रस्टी रमाकांत शर्मा ने बताया कि प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी आगामी 10 जुलाई 2025, दिन गुरुवार को प्रातः 7 बजे से गुरु चरण पूजन, प्रातः 8 बजे पंच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ तत्पश्चात भोजन प्रसादी का आयोजन रखा गया है। बड़े सौभाग्य की बात है कि हमारे सीहोर में जो 108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ में जिन आत्मीय भाई-बहनों द्वारा गुरु दीक्षा संस्कार लिये गये हैं, उनसे विशेष आग्रह किया गया है कि गुरु दीक्षा लेने के पश्चात आपके जीवन में प्रथम बार गुरु पुर्णिमा महोत्सव आया है। अतः सभी गुरु दीक्षित भाई-बहनों से आत्मीय अनुरोध किया गया है कि अधिक से अधिक संख्या में गुरु पुर्णिमा के पावन पर्व पर गायत्री शक्ति पीठ परिसर, नदी चौराहा, सीहोर पर उपस्थित होकर अपने सद्गुरु के प्रति अपनी निष्ठा एवं कृतज्ञता गुरु चरणों में समर्पित कर अपने जीवन को धन्य बनायें। इस पावन अवसर पर गायत्री शक्ति पीठ परिवार के प्रमुख ट्रस्टी श्रीमती रमीला परमार, उपप्रमुख ट्रस्टी रमाकांत शर्मा, ट्रस्टी श्रीमती डालीमा राय, राजेन्द्र पालिवाल, राजेन्द्र नामदेव, राजेन्द्र मोदी, मनोहर दांगी, द्वारका प्रसाद वर्मा, श्रीमती निर्मला भावसार ने सभी गुरु भाई बहन को शक्ति पीठ पर उपस्थित होकर धर्मलाभ प्राप्त करने का आग्रह किया गया है।

## नर्मदा नदी से अवैध रेत खनन में शामिल पनडुब्बियां की जब्त




**सीहोर।** जिले में नर्मदा नदी से अवैध रूप से रेत निकालने वाली तीन पनडुब्बियों को खनिज विभाग ने जब्त कर लिया है। ये पनडुब्बियां गोपालपुर पुलिस थाने की सुपुर्दगी में दी गई हैं। हालांकि, अब तक इस मामले में किसी के खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं की गई है।

जिला कलेक्टर बालागुरू के. ने मानसून अवधि में 1 अक्टूबर तक जिले में रेत खनन पर पूर्ण प्रतिबंध लगा रखा है। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देश दिए हैं कि रेत घाटों से खनन और परिवहन पूरी तरह रोका जाए।

#### जांच चौकियों पर निगरानी बढ़ाई जाए

कलेक्टर ने यह भी आदेश दिया है कि खदानों के पहुंच मार्ग बंद किए जाएं, जांच चौकियों पर निगरानी बढ़ाई जाए, अवैध खनन करने वालों पर सख्त कार्रवाई हो। इसके साथ ही स्थानीय खनिज निरीक्षक और राजस्व अमले को नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं

#### फिर भी नहीं थम रहा अवैध उत्खनन

इसके बावजूद नर्मदा नदी में कई स्थानों पर अवैध रेत खनन जारी है। खेतों में अवैध रूप से रेत का भंडारण भी सामने आया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि खनिज विभाग की ओर से अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई थी, लेकिन अब तीन पनडुब्बियों की जब्ती से कार्रवाई की शुरुआत मानी जा रही है।

## किराना दुकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने डेढ़ लाख नगदी सहित 4 लाख रुपए का किराना सामान उड़ाया

#### चार दिन में चोरी की दूसरी बड़ी घटना

**इछावर।** नगर में चार दिन पहले नपं दरोगा के घर हुई लाखों रुपए की चोरी की घटना को लोग अभी भूले भी नहीं थे कि , सोमवार को एक बार फिर अज्ञात चोरों ने गंजीबड़ स्थित सपना किराना स्टोर को निशाना बनाते हुए नगदी सहित लाखों रुपए के किराना सामान पर हाथ साफ कर दिया। नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से पुलिस सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहें है वहीं लोगों में भय का माहौल है।

नगर के किराना व्यापारी राजू गुप्ता के गंजीबड़ स्थित सपना किराना स्टोर पर सोमवार की मध्य रात्रि को अज्ञात चोरों ने धावा बोलते हुए उसका ताला तोड़कर नगदी सहित लाखों का किराना सामान चुरा ले गए। घटना की जानकारी मंगलवार सुबह उस समय लगी जब लोगों को दुकान का ताला टूटा हुआ दिखाई दिया। इसकी जानकारी दुकान संचालक को दी गई। दुकान संचालक श्री गुप्ता ने दुकान पहुंचकर देखा तो सामान बिखरा पड़ा था , साथ ही गल्ले में रखे नगदी और लाखों रुपए का किराना सामान गायब था। राजू गुप्ता ने बताया कि चोरों ने गल्ले में रखे करीब डेढ़ लाख रुपए नगदी एवं 4 लाख रुपए का किराना सामान पर हाथ साफ किया है। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इससे पहले पिछले शुक्रवार की रात को भी चोरों ने नपं दरोगा जितेन्द्र पवांर के सूने मकान का ताला तोड़कर नकदी सहित लाखों रुपए के जेवर चोरी करने की घटना को अंजाम दिया था , जिसका पुलिस अभी तक कोई सुराग नहीं लगा पाई है। पिछले चार दिनों में चोरी की दो बड़ी घटनाएं होने से लोगों में भय और दहशत का माहौल है। इस संबध में थाना प्रभारी पंकज वाडेकर का कहना है कि मामला दर्ज कर जांच की जा रही समय इसलिए लग रहा है क्योंकि नगर में सीसीटीवी कैमरे कहीं नहीं है इसलिए आरोपियों को पकड़ने में थोड़ा समय लग रहा है बाकी आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा



#### चोरी की घटनाओं में हुआ इजाफा

नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र में पिछले कुछ समय से चोरी की घटनाएं बढ़ रही है। चोर वाहन चोरी करने के साथ ही घरों और दुकानों को निशाना बना रहे है। इसके चलते लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। स्थिति यह है कि छोटी - मोटी घटनाओं की रिपोर्ट लिखाने तो लोग थाने तक पहुंच ही नहीं रहें है। बाइक चोरी होने पर भी लोग स्वयं से ही उसकी खोजबीन करते हैं। दरअसल लोगों का कहना है कि बाइक चोरी होने पर चोर खुद पीड़ित से संपर्क कर एक मोटी रकम लेकर बाइक लौटा देते है , और यदि पीड़ित घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज करवा देता है तो फिर बाइक नही मिलती है। ऐसे में लोगों को अपना वाहन पाने के लिए चोरों से सौदाबाजी करने को मजबूर होना पड़ रहा है।

### नियमित रूप से जारी भव्य भंडारे का आयोजन

# सनातन धर्म हमें एक नैतिक और आध्यात्मिक जीवन जीने का मार्ग दिखाताः पंडित प्रदीप मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सनातन धर्म हमें एक नैतिक और आध्यात्मिक जीवन जीने का मार्ग दिखाता है, जो न केवल व्यक्तिगत कल्याण के लिए, बल्कि संपूर्ण मानवता के लिए भी आवश्यक है। सनातन धर्म से लगाव होना चाहिए। पूरे विश्व में धर्म है तो केवल सनातन धर्म है। बाकी सब मजहब है। माना विज्ञान ने काफी तरक्की की है, लेकिन आज भी सबसे बड़ा है तो केवल हमारा महादेव, जो ज्योति के रूप में सबके कार्य पूर्ण करता है, सबकी मनोकामनाएं पूर्ण करता है। उक्त विचार जिला मुख्यालय स्थित प्रसिद्ध कुबेरेश्वरधाम पर जारी छह दिवसीय भव्य गुरु पूर्णिमा महोत्सव के अंतर्गत पांच दिवसीय श्री शिव महापुराण के चौथे दिन अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहे। उन्होंने कहाकि शिव महापुराण कथा कहती है कि लगाव और विश्वास हमारे जीवन को सार्थक करता है। आपका लगाव किससे है और आपका विश्वास किस पर है, यह आप सुनिश्चित करते है। अगर आपका विश्वास भगवान शिव पर अटूट है तो आपकी संपूर्ण मनोकामनाएं पूर्ण होगी।



हमें हमारे धर्म से लगाव होना चाहिए। सनातन धर्म के अनुसार, जीवन का उद्देश्य आत्मा और परमात्मा को समझना है। यह धर्म, परिवार और समाज के सभी चार पहलुओं को व्यक्ति के आध्यात्मिक पथ के महत्वपूर्ण भागों के रूप में मान्यता देता है। वर्तमान में विज्ञान ने बहुत ही तरक्की की है, लेकिन मुत्यु पर किसी की जीत नहीं एक डाक्टर भी अंत में कह देता है मेरे हाथ में कुछ भी नहीं है, सब ईश्वर के हाथ में है। मंगलवार को कथा के दौरान यहां पर करीब 18 किलोमीटर दंडवत कर आने वाले श्रद्धालुओं का मंच पर बुलाकर गुरुदेव ने सम्मान किया। राजस्थान के कोटा, मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा और महाराष्ट्र से आए परिवार को मंच पर स्वागत किया गया।

#### चिट्ठी लिखकर भी लाते और बताते भगवान की कृपा

यहां पर आए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का कहना है कि हमारे संकट शिव पर विश्वास के साथ कथा सुनने के बाद दूर हो गए। वे यहां पर चि_ी लिखकर भी लाते हैं। वह कहते हैं कि जो काम दवाई नहीं कर पाई वो पंडित जी की कथा सुनकर भगवान भोले को एक लोटा जल अर्पित करने से पूरी हो गई। पंडित प्रदीप मिश्रा ने अपनी कथा में ऐसे कई श्रद्धालुओं की चि_ियां का जिक्र किया। मंगलवार को कथा के दौरान सीहोर के इंदौर नाके क्षेत्र में रहने वाली एक बेटी का पत्र पढ़कर सुनाया। जिसमें लिखा था-बाबा पर विश्वास के कारण उनको संतान की प्राप्ति हुई है। वह धाम पर आई और सेवा के साथ पूजा अर्चना की और उसके बाद भगवान शंकर ने संतान का सुख प्रदान किया। इस तरह के अनेक पत्रों का वर्णन गुरुदेव ने अपनी कथा के दौरान किया।

**एक गुरु का कर्तव्य है कि वह ज्ञान को सभी तक पहुंचाए, बिना किसी भेदभाव के:**एक गुरु का कर्तव्य है कि वह ज्ञान को सभी तक पहुंचाए, बिना किसी भेदभाव के। वहीं सर्वश्रेष्ठ गुरु का लक्षण है। गुरु कभी भी अमीर और गरीब में भेदभाव नहीं करता है और सभी को अपनी ज्ञान की रोशनी से रोशन करता है। जन्म, मरण एवं परण सभी भगवान के हाथ में है। मनुष्य की देह बहुत मुश्किल से मिलती है। आज जो जीवन हमें मिला है उसे व्यर्थ ना गवाएं। छोटे-छोटे बच्चों को संस्कारित कर राष्ट्रहित की सोच के साथ अपने सनातनी धर्म की ओर अग्रसर करें।

## जिले में अब तक 309.7 मिलीमीटर औसत बारिश

**सीहोर।** जिले में बीते 24 घंटे में सुबह 8 बजे तक 16.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। वर्षामापी केंद्र सीहोर में 25.2, मिलीमीटर, श्यामपुर में 15.0, आष्टा में 2.0, जावर में 0.0, इछावर में 11.0, भैरूंदा में 11.0, बुधनी में 30.0, रेहटी में 35.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में 1 जून से 8 जुलाई को सुबह 8 बजे तक 309.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। गत वर्ष इसी अवधि में औसत वर्षा 174.3 मिलीमीटर थी। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1148.4 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से 8 जुलाई 2025 तक जिले के वर्षामापी केन्द्र सीहोर में 303.1, मिलीमीटर, श्यामपुर में 257.3, आष्टा में 204, जावर में 185, इछावर में 311.3, भैरूंदा में 318, बुधनी में 459 तथा रेहटी में 443 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।



### जनसुनवाई में आए 51 आवेदन पर हुई सुनवाई



**सीहोर।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने नागरिकों से चर्चा कर उनकी समस्याएं जानी और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिले के दूरदराज अंचलों से आए 51 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। जिला मुख्यालय के साथ ही जनपद कार्यालयों एवं ग्राम पंचायतों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में अधिकांश आवेदन भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, आपसी विवाद, मेढ.-रास्ता विवाद, बीपीएल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, गन लाइसेंस, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता, मुआवजा से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत, एसडीएम तन्मय वर्मा, डिप्टी कलेक्टर स्वाति मिश्रा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### अस्मिता खेलो इंडिया महिला वेटलिफ्टिंग सिटी लीग 13 को

**सीहोर।** सीहोर जिला वेटलिफ्टिंग ऐसोसिएशन के सचिव सत्यनारायण वारिया ने बताया कि भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) और खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा पूरे देश में महिला खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही। अस्मिता खेलो इंडिया महिला सिटी लीग 2025 के अंतर्गत, मध्य प्रदेश के सीहोर जिले में दिनांक 13 जुलाई 2025 को प्रातः 10 बजे वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। यह प्रतियोगिता जिला खेल अधिकारी परिसर चर्च ग्राउण्ड पर आयोजित होगी। साई द्वारा देश भर के विभिन्न शहरों और जिलों में सभी खेलों की महिला प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में, वेटलिफ्टिंग के लिए मध्य प्रदेश से इंदौर और सीहोर जिले को चुना गया है। भारतीय भारोत्तोलन संघ (इंडियन वेट लिफ्टिंग फेडरेशन) के तत्वावधान में, प्रदेश वेटलिफ्टिंग संगठन मध्य प्रदेश इन दोनों जिलों में प्रतियोगिता का सफल आयोजन सुनिश्चित कर रहा है, इंदौर कॉपरेशन एरिया वेटलिफ्टिंग एसोसिएशन एवं सीहोर जिला वेटलिफ्टिंग एसोसिएशन के माध्यम से यह आयोजन न केवल महिला खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करेगा। बल्कि ग्रास-रूट स्तर पर खेल को बढ़ावा देने और युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

**यूरिया खाद की कालाबाजारी:** खाद की किल्लत और कालाबाजारी को लेकर किसान संघ ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

# किसान संघ ने खोला मोर्चा, आक्रोशित किसान सड़क पर उतरे, सीहोर-भैरूंदा मार्ग पर किया विरोध प्रदर्शन

### जैन कृषि सेवा केन्द्र ने किसानो को पहले अमानक बीज थमाकर लुटा ,अब यूरिया खाद की कालाबाजारी में जुटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा






भैरूंदा तहसील क्षेत्र के लाडकुई में निजी खाद ,बीज के बिक्रेता जैन कृषि सेवा केंद्र पर किसानो को ठगने काम लगातार किया जा रहा है। किसानो को पहले सोयाबीन का अमानक बीज थमाकर खूब ठगा तो वहीं अब यूरिया खाद की कालाबाजारी कर किसानो को ठगने का काम शुरू है। किसानो का आरोप है जैन कृषि सेवा केन्द्र पर यूरिया खाद की कालाबाजारी की जा रही है। इसको लेकर किसान संघ ने भी यूरिया खाद की कालाबाजारी को लेकर मोर्चा खोल दिया।मंगलवार दोपहर किसान संघ के पाधिकारियो ने लाडकुई पहुंचकर अक्रोशित किसानों के साथ सीहोर ,भैरूंदा मुख्य मार्ग को चक्काजाम कर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में क्षेत्र के कई गांवों के सैकड़ों किसान शामिल थे। किसान संघ ने आरोप लगाते हुए बताया कि जैन कृषि सेवा केंद्र पर जब किसान खाद के लिए जाते है। तो उन्हें निर्धारित दर से अधिक मूल्य पर खाद वितरण किया जाता है। यूरिया खाद की किल्लत और कालाबाजारी से परेशान किसानो ने मंगलवार को सीहोर ,भैरूंदा मुख्य मार्ग पर किसानों के साथ आधा घंटा चक्काजाम कर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान मुख्य मार्ग पर करीब आधा घंटा तक आवागमन बाधित रहा।

चक्काजाम की सूचना मिलने ही पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा। तो वहीं एसडीएम ने फोन पर समझाइश पर माने। और चक्काजाम ख़त्म किया। जैन कृषि सेवा केन्द्र ने पहले अमानक बीज थमाकर लूटा,अब यूरिया खाद की कालाबाजारी में जुटा : लाडकुई जैन कृषि सेवा केन्द्र खाद,बीज को लेकर लगातार चर्चाओं में हैं। वह इस लिए पहले भैरूंदा और खातेगांव तहसील के दर्जनों किसानो को सोयाबीन का अमानक बीज थमाकर खूब ठगने का काम किया। लगातार किसानो ने विरोध जताया और एसडीएम सहित कृषि विभाग को ज्ञापन सौंपकर शिकायत दर्ज कराई गईं थी। शिकायत पर एसडीएम ने कृषि विभाग को निर्देश दिए कृषि विभाग किसानो के खेतों में पहुंचा और बीज अंकुरित नहीं हुआ इसकी पुष्टि की। वहीं जांच रिपोर्ट वरिष्ठ अधिकारियों को सौंपी गई। हालाकि जैन कृषि सेवा केन्द्र के आनंद जैन ने किसानो के बीज का भुगतान चैक देकर किया गया। अमानक बीज पाया गया उस पर अभी तक व्यापारी आनंद जैन पर कोई कार्रवाई नहीं हुई।

अब फिर से जैन कृषि सेवा केन्द्र पर यूरिया खाद की कालाबजारी को लेकर भी किसान संघ और किसानो ने आरोप लगाया और कहा 266 रूपए की बोरी 350 से अधिक रूपए में किसानो को बेची जा रहीं है। जिसको लेकर किसान परेशान हैं और सड़कों पर उतर कर प्रदर्शन भी कर विरोध भी जताया। इस संबंध में एसडीएम मदन सिंह रघुवंशी ने बताया क्षेत्र में खाद की कमी है जैन कृषि सेवा केन्द्र में 6 हज़ार बोरियां उपल्ब्ध है। प्रशासन की देखरेख में किसानों को यूरिया खाद का वितरण कराया जा रहा है। पटवारी, पुलिस और कृषि विभाग की उपस्थिति में खाद का वितरण कार्य चल रहा है। अमानक बीज पर कृषि विभाग द्वारा जांच की जा रही है जांच रिपोर्ट के अधार पर जल्द ही कार्रवाई की जाएगी।

### लगातार बारिश से किसानो की फसलें पिली व सड़ने लगी

लगातार हो रही बारिश से जहां किसानों की मक्का पीली पड़ गई तो वहीं और सोयाबीन की जड़ भी सड़ने लगी। जिससे फसलें खराब होने की कगार पर है। समय रहते यूरिया खाद का छिड़काव नहीं किया तो नष्ट हो जाएंगी। किसान यूरिया खाद देने के लिए व्याकुल है। लेकिन यूरिया की कम आपूर्ति व दुकानदारों की मनमानी के आगे किसान खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं। खाद की किल्लत से किसानों की परेशानी कम नहीं हो रही है। मक्का ,सोयाबीन सहित अन्य फसलें की बुआई के बाद से ही किसानो को यूरिया की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है।

**जैन कृषि सेवा केंद्र पर यूरिया खाद की कालाबाजारी,किसान संघ ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन** :किसान स्वराज संगठन ने बताया कि मगंलवार को किसान संघ के पाधिकारियो ने भैरूंदा एसडीएम कार्यालय पहुंचकर एसडीएम मदन सिंह रघुवंशी को एक ज्ञापन सौंपकर अवगत कराया गया की लाडकुई जैन कृषि सेवा केंद्र में यूरिया खाद की कालाबाजारी कर किसानो को सरकारी मूल्य 266 रूपए है जबकि 350 तक के महंगे दामों पर यूरिया खाद बैचने का काम किया जा रहा है। किसानों ने आक्रोश व्यक्त किया और सड़क पर उतर कर विरोध प्रदर्शन किया गया है। प्रशासन की समझाइश पर चक्काजाम ख़त्म किया गया।

### जांच कर कार्रवाई की जाएगी

जल्द हीं यूरिया खाद की पूर्ति की जाएगी, लाडकुई के जैन कृषि सेवा केन्द्र पर प्रशासन की देखरेख में किसानों को यूरिया खाद का वितरण कराया जा रहा है। पटवारी, पुलिस और कृषि विभाग की उपस्थिति में खाद का वितरण कार्य चल रहा है। अमाकन बीज की रिर्पोट कृषि विभाग वरिष्ठ अधिकारी को सौंपी गई जांच के अधार कार्रवाई की जाएंगी।

**मदनसिंह रघुवंशी,** एसडीएम, भैरुंदा

# 4 लेन केवल सड़क नहीं सीहोर की प्रगति का रोड मैप है: नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर

**नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने क्षेत्रवासियों से की भेंट कम से कम नुकसान के दिए निर्देश**



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सड़क चौड़ीकरण व निर्माण कार्य में बाधा बन रही संपत्तियों को तोड़ने की तैयारी अंतिम चरण में है। जल्द ही इन पर कार्रवाई की जाएगी। क्षेत्रवासियों को कम नुकसान हो इसके लिए नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने मंगलवार को शहर के कोतवाली चौराहे से भोपाल नाके तक बनाए जाने वाले मार्ग का निरीक्षण किया। इस मौके पर पार्षदों के अलावा बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी शामिल थे।

इस मौके पर जाम से राहत के लिए इस रोड का निर्माण शीघ्र किया जा रहा है। यह केवल सड़क नहीं सीहोर की प्रगति का रोड मैप है। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य की समीक्षा की साथ ही नागरिकों का कम से कम नुकसान हेतु संबंध अधिकारियों को निर्देशित किया गया। अभी 9 मीटर चौड़ी सड़क है। इस सड़क के दोनों तरफ मकान और दुकानें आ जाने से कई जगह तो इसकी स्थिति काफी खराब है। इस सड़क को भी अतिक्रमण ने संकरा कर दिया है। चौड़ा बनवाया जाएगा ताकि टू-लेन हो सके। वही शहरवासियों का कहना है कि शहर में अनेक स्थानों पर अतिक्रमणकारियों ने सड़कों को सकरा कर दिया है। मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण पसरा होने से आपात स्थिति में एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड तक नहीं निकल पाती। जनहित को ध्यान में रखते हुए यहां से अतिक्रमण हटाया जाना चाहिए, वहीं नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर का कहना है कि क्षेत्रवासियों को कम से कम नुकसान हो इस तरह की कार्रवाई हो और शहर को सुंदर और व्यवस्थित किया जाए सकें।

शहर के सबसे व्यस्ततम मार्ग भोपाल नाका से कोतवाली चौराहा तक करीब एक किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण किया जाएगा। नगर पालिका इस परियोजना पर 5 करोड़ रुपए खर्च करेगा। निर्माण कार्य शुरू करने से पहले सड़क के दोनों ओर हुए अतिक्रमण को हटाया जाएगा। नपा ने अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी किए थे, इसके बाद भी अनेक अतिक्रमणकारी जमा हुए है।

इन अतिक्रमणकारियों को हटाए जाने के लिए जिला प्रशासन और नगर पालिका के अमले ने चेतावनी दी थी। इसके पश्चात अतिक्रमण अमले के द्वारा अतिक्रमण हटाया जाएगा और इस पर होने वाला खर्च अतिक्रमणकारियों को भुगतना पड़ेगा। इसको लेकर नगर पालिका सीएमओ सुधीर सिंह आदि ने अमले को निर्देश दिए है। इसके अलावा राजस्व विभाग के पटवारी संजय राठौर ने बताया कि हमारे द्वारा लंबे समय पहले अतिक्रमणकारियों को नोटिस और लाल मार्क लगाए थे। इसको लेकर नगर पालिका के अधिकारी का कहना है कि पूर्व में इसका भूमि पूजन सीएम डॉ. मोहन यादव और केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किया था, इस मार्ग को बनाए जाने से पहले अतिक्रमण को हटाया जाने की कार्रवाई जारी है। सड़क के दोनों ओर पेवर ब्लॉक से फुटपाथ का निर्माण होगा और बीच में डिवाइडर बनाया जाएगा। डिवाइडर पर लाइटिंग के साथ पेड़-पौधे भी लगाए जाएंगे। योजना का टेंडर पहले ही जारी किया जा चुका है और अतिक्रमण हटते ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। लुनियापुरा चौराहे से पुराना बस स्टैंड और इधर कोतवाली चौराहे से भोपाल नाके तक सड़कों का निर्माण कार्य होना है। अतिक्रमण के कारण कार्य अटका हुआ है।

# मुस्लिम त्यौहार कमेटी ने इमाम हुसैन की याद में निकाले ताजिए सवारी और अखाड़े



**सीहोर।** मोहर्रम मुस्लिम त्यौहार कमेटी और सर्वधर्म दुल्हा बादशाह दरगाह कमेटी द्वारा संयुक्त रूप से शहर में मोहर्रम पर्व मनाया गया। कर्बला में अपने 72 साथियों के साथ शहीद हुए इमाम हुसैन को याद किया गया। सर्वधर्म दरगाह कमेटी अध्यक्ष रिजवान पठान, दरगाह कमेटी सचिव नौशाद खान और मुस्लिम त्यौहार कमेटी अध्यक्ष रेहान नबाव के नेतृत्व में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गया। परंपारिक रूप से शहर के छावनी सराय, कस्बा सिपाईपुरा, मछली बाजार, रानी मोहल्ला, मंडी मुकेरी मोहल्ला, चकला मोहल्ला, लोहार गली आदि क्षेत्र में इमाम हुसैन की याद में बनाए जाने वाले ताजिए ढोल ताशों और सवारियों के साथ मोहम्मदी अखाड़ा, हुसैनी अखाड़ा आदि के कलाकारों के द्वारा करतब दिखाई गए। ताजिए का जुलूस शहर के विभिन्न मांगों के होते हुए अखाड़ों के साथ भोपाली फाटक पहुंचा यह पर सवारियों का ठहराव किया गया और अखाड़ा खेला गया। मोहर्रम के दौरान सर्वधर्म दुल्ला बादशाह बाबा दरगाह कमेटी के द्वारा विभिन्न इबादती कार्यक्रम आयोजित किए गए। दरगाह में फातिया पढ़ी गई और दुआ की गई जिस के बाद लंगर प्रसादी का आयोजन भी किया गया। कव्वालियों से इमाम हुसैन की शहादत को याद किया गया। बड़ी तादात में लंगर में मीठा प्रसाद लोगों ने ग्रहण किया।भोपाली फाटक पर मंच पर बनाकर मोहर्रम मुस्लिम त्यौहार कमेटी और सर्वधर्म दुल्हा बादशाह दरगाह कमेटी के सदर रिजवान पठान, कमेटी सचिव नौशाद खान और अध्यक्ष रेहान नबाव उपाध्यक्ष अमान खान द्वारा सीएसपी अभिनंदा शर्मा और कोतवाली प्रभारी राविंद्र यादव और ताजिए सवारी निकालने वाले और अखाड़ों के खलिफाओं कलाकारों का शील्ड स्मृति चिन्हा भेंटकर साफा बांधकर सम्मान किया गया। कमेटी के सचिव नौशाद खान ने सहयोग देने पर पुलिस प्रशासन, नगर पालिका विघुत मंडल का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का सफल संचालन रिजवान पठान के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में नईम नबाव, शरीफ कबाड़ी, हनीफ कुरैशी, बकोली,हामिद हाजी, मुंशीलाल, सुनील धाड़ी,, छोटा पहलवान, आफताव अली, साहिल, अनवर बाबा, बिलाल अहमद, अंसार अहमद, कसम झंकार, रफीक मियां,पप्पू मिया भंवर लाल मेवाड़ा,तारीख मियां,सावरावी महमूद सहित सैकड़ो लोग शामिल हुए।

# रोजगार मेले में किया गया 211 आवेदकों का प्राथमिक चयन




**सीहोर।** जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार उद्योग केंद्र एवं शासकीय आईटीआई द्वारा सीहोर स्थित शासकीय महिला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में रोजगार स्वरोजगार अप्रेंटिसशिप मेला आयोजित किया गया।

इस रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की 11 कंपनियों द्वारा 211 आवेदकों का प्राथमिक चयन किया गया। मेले में कुल 354 आवेदकों ने अपना पंजीयन कराया था। रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की आईटीसी मिशन द्वारा 26 आवेदकों, नवभारत फर्टिलाइजर द्वारा 13 आवेदकों, वर्धमान फैब्रिक्स बुधनी द्वारा 08 आवेदकों, एक्सिस बैंक द्वारा 7 आवेदकों, हर्बल लाइफ के द्वारा 12 आवेदकों, पुखराज हेल्थ केयर के द्वारा 13 आवेदकों, एलजी इलेक्ट्रानिक्स के द्वारा 55 आवेदकों, यशस्वी ग्रुप के द्वारा 17 आवेदकों, हिन्दुस्तान आटो पार्टस के द्वारा 27 आवेदकों, चेकमेट सिक्योरिटी सर्विसेस के द्वारा 5 आवेदकों, कोटक महिंद्रा बैंक के द्वारा 28 आवेदकों का मशीन ऑपरेटर, अपरेंटिसशिप ट्रेनी, वेलनेस सुपरवाईजर, सेल्स एग्जीक्यूटिव, एसोसिएट, सिक्योरिटी गार्ड, असिस्टेंट मेनेजर, सुपरवाइजर, स्टोर कीपर, कम्प्यूटर ऑपरेटर के पदों पर प्राथमिक चयन किया गया।

रोजगार मेले में स्वरोजगार योजनाओं के 05 हितग्राहियों के 54 लाख के प्रकरणों स्वीकृति कर स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित किए गये। इसके साथ ही मेले में आए आवेदकों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान 79 आवेदकों का मेडिकल परीक्षण, एक्सरे, आभा कार्ड, परामर्शदाता द्वारा काउंसलिंग की गई। इस अवसर पर श्री धीरूमल जैन, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र महाप्रबंधक, आईटीआई प्राचार्य, लीड बैंक ऑफ इण्डिया के प्रबंधक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# ई-अटेंडेंस के खिलाफ राज्य शिक्षक संघ ने सौंपा ज्ञापन




**सीहोर।** राज्य शिक्षक संघ म.प्र. के आव्हान पर प्रदेश के प्रत्येक जिले में ई-अटेंडेंस बंद करने हेतु एक ज्ञापन राज्य शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष विश्वजीत त्यागी के नेतृत्व में मुख्य मंत्री के नाम संयुक्त कलेक्टर आनन्द राजावत को ज्ञापन सौंपा। जिसमें बताया गया कि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश के शिक्षकों के लिए हमारे शिक्षक एप्प के माध्यम से ई अटेंडेंस योजना प्रारंभ की जा रही है। प्रदेश का समूचा शिक्षक संवर्ग प्रदेश सरकार की मंशानुरूप लगातार अपना सर्वश्रेष्ठ देकर शिक्षा के क्षेत्र में प्रदेश को राष्ट्र में प्रमुख पंक्ति में लाने का प्रयास कर रहा है। इस ईमानदारी और समर्पण का सुखद परिणाम यह रहा कि बोर्ड परीक्षा परिणामों में शासकीय विद्यालयों का प्रदर्शन उत्तम रहा है। परीक्षा परिणामों के बाद आपके द्वारा सार्वजनिक रूप से शासकीय शिक्षकों के कार्यों की प्रशंसा की गई है। माननीय महोदय प्रदेश में केवल शिक्षक संवर्ग की ई अटेंडेंस योजना से हाजिरी लगने की योजना से समाज में ऐसा संदेश जा रहा है कि शिक्षक संवर्ग अपने कर्तव्यों के प्रति लापरवाह होने के कारण उनकी ऐसी हाजिरी ली जा रही है। माननीय महोदय गुरु के लिए सम्मान ही सबसे बड़ा धन है। मात्र शिक्षकों के लिए सरकार का ऐसा कदम गुरु पद की गरिमा को क्षति पहुंचाता है व मन को आहत करता है।

अतः राज्य शिक्षक संघ, सीहोर आपसे आग्रह करता है कि ई-अटेंडेंस योजना को प्रदेश के समस्त विभागों के कर्मचारियों पर एक साथ लागू किया जाए तब तक शिक्षकों के लिए स्थगित की जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से विश्वजीत त्यागी, संजय सिंह जादौन, चंद्रशेखर वर्मा, जागेश्वर भगत, आशीष शर्मा, चंदर सिंह ठाकुर, जगदीश मालवीय, कैलाश यादव, रघुनाथ मेवाड़ा, सुरेश मालवीय, वीरेंद्र व्यास, कमल सिंह कोदिया, अनिल नारोलिया, बहादुर मालवीय, देवेंद्र राठौर, इंदर सिंह ठाकुर, रमेश मेवाड़ा, सतीष राठौर, दीपक सावनेर, आत्माराम बामनिया, भैयालाल महोबिया, ऊषा मंगरोलिया, प्रीति यादव, सुनील शुक्ला, रामेश्वर नागर, रघुनन्दन मालवीय, गौरव धीमान, दीपचन्द्र सगवालिया, महेश चन्द्र मालवीय, दर्शनसिंह उईके सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

**1 से 31 जुलाई के मध्य तारीख नियत कर पक्षकारों को सूचना पत्र होंगे जारी**

# प्रधान जिला न्यायाधीश ने बैठक आयोजित कर विशेष मीडिएशन अभियान के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, मीडिएशन एवं काउंसिलिएशन प्रोजेक्स कमेटी और उच्चतम न्यायालय द्वारा 1 जुलाई से चलाए जा रहे 90 दिवसीय विशेष मीडिएशन अभियान के संबंध प्रधान जिला न्यायाधीश श्री प्रकाश चंद्र आर्य द्वारा समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने न्यायाधीशगणों, अधिवक्तागणों, अभियोजन अधिकारीगण एवं लीगल एड डिफेंस काउंसिल को अभियान के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में जानकारी दी गई कि इस विशेष अभियान के तहत जिले के सभी न्यायालयों के समक्ष लंबित राजीनामा योग्य मामलो में से ऐसे मामले मीडिएशन के लिए रैफर करने के लिए चिन्हित किए जाएंगे जिनमें राजीनामे की संभावना बन रही हो। बैठक में प्रधान जिला न्यायाधीश श्री आर्य ने मीडिएशन के लिए रैफर किये जाने के लिए चिन्हित योग्य प्रकरणों में 01 जुलाई से 31 जुलाई के मध्य तारीख नियत कर पक्षकारों को सूचना पत्र जारी करने और पक्षकारों की सहमति अनुसार मीडिएशन के लिए निराकरण का प्रयास करने के निर्देश दिए। उन्होंने चिन्हित प्रकरणों को रैफर करने की स्थिति में रेफरल आर्डर जारी करते समय मीडिएशन के लिए नियत प्रथम तिथि के साथ पक्षकारों एवं अधिवक्ताओं के मोबाईल नम्बर भी उल्लेखित करने के निर्देश दिए।

इस दौरान विशेष न्यायाधीश हेमंत जोशी, जिला न्यायाधीश संजय गोयल, जिला न्यायाधीश एमके वर्मा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विनीता गुप्ता, न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण स्वप्नश्री सिंह, न्यायाधीश दीपेंद्र मालू, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राधेश्याम यादव, जिला विधिक सहायता अधिकारी जीशान खान सहित अन्य अधिवक्तागण, अधिकारीगण, लीगल एड डिफेंस काउंसिल्स आदि उपस्थित थे।

### ग्राम स्वास्थ्य व पोषण दिवस के तहत किया गया 588 बच्चों का टीकाकरण

**सीहोर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस के तहत जिलेभर में विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं में शिविर लगाकर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण किया गया। जिले में 08 जुलाई को आयोजित शिविरों में शून्य से एक वर्ष की आयु के 397 बच्चों तथा एक वर्ष से अधिक आयु के 191 बच्चों का टीकाकरण किया गया। इसके साथ ही 75 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसके तहत शिविर लगाकर बच्चों के टीकाकरण के साथ ही बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को अन्य स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाती है।

जिला आपूर्ति अधिकारी सहित जेएसओ ब्यावरा रिकॉर्ड बताने में असमर्थ

# आपूर्ति विभाग का खेल! अकेले ब्यावरा ब्लॉक से 6.73 करोड़ का 1672 टन राशन गायब



## 122 राशन दुकानों में से 98 दुकानों का राशन हुआ मूव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

आपूर्ति विभाग द्वारा जिले सहित ब्यावरा ब्लॉक की राशन दुकानों के सत्यापन के नाम पर घोटाला सामने आया है। जिसमें आंगनबाड़ी से लेकर मिड-डे मील एवं गरीबों को दिए जाने वाले पीडीएस में कटौत्रा कर राशन दुकानों से राशन मूव किया गया है। अकेले ब्यावरा ब्लॉक की 122 दुकानों का हरिभूमी ने डाटा खंगाला जिसमें से 93 राशन दुकानें ऐसी निकली जिनका राशन आपूर्ति विभाग अधिकारियों द्वारा मूव किया गया है। इनमें 784 टन गेहूं , 846 टन चावल, 24 टन नमक,मोटा अनाज 5 टन, शकर 2 टन एवं मूंग 10 टन राशन को मूव कर गायब कर दिया गया है। गायब हुए बाजार मूल्य गेहूं 35 प्रति किलो, चावल 45 प्रति किलो चीनी 40 प्रति किलो मोटा अनाज 50 प्रति किलो नमक 20 प्रति किलो एवं मूंग 100 प्रति किलो से आंका जाए तो बाजार कीमत 6 करोड़ 73 लाख से ज्यादा होती है।

ऐसे में अंदाजा लगाया जा सकता है कि आपूर्ति विभाग के जिम्मेदारों ने किस तरह शासन की योजनाओं को पलीता लगाकर अपना फायदा उठाया है। जहां ब्यावरा जेएसओ स्वाती वायकर मीडिया से बचती फिर रहीं है वहीं जिला अधिकारी भी ज्यादा कुछ बता पाने में अक्षम नजर आ रहे हैं। ज्यादा डाटा होने को बहाना बनाकर जिले भर की राशन दुकानों की सच्चाई छुपाने में लगे है परंतु हरिभूमि ने गरीबों के इस राशन घोटाले को एक मुहीम के तौर पर लिया है जिसमें ब्यावरा ब्लॉक के बाद राजगढ़ व जिले के अन्य ब्लॉक प्रकाशित किए जाएंगे। ब्यावरा ब्लॉक की सभी 93 दुकानों का डाटा दुकानदारों के नाम सहित हरिभूमि के पास उपलब्ध है।


ब्यावरा और सुठालिया की 3 दर्जन से अधिक दुकानों से राशन गायब, जेएसओ के पास जवाब नहीं
जिला आपूर्ति अधिकारी को पता ही नहीं कई टन गेहूं-चावल दुकानों से हुआ 'मूव'
एक नजर 6 राशन दुकानों पर जिनसे गायब हुआ राशन

**फैक्ट फाइल**

| राशन | गायब (मूव) |
|---|---|
| गेहूं | 784 .28 टन |
| चावल | 845 .95 टन |
| नमक | 24 .02 टन |
| मोटा अनाज | 5 .13 टन |
| शकर | 2 .49 टन |
| मूंग | 0 .35 टन |

### जिला आपूर्ति ने नहीं बनाई सत्यापन के लिए कोई टीम

जिला आपूर्ति अधिकारी ने कहा कि राशन दुकानों के सत्यापन के लिए राजस्व, सहकारिता और खाद्य विभाग की संयुक्त टीम बनाई गई है जो राशन दुकानों के स्टॉक का सत्यापन कर उनका स्टॉक देखेगी परंतु जनवरी से चल रही इस कार्रवाई की भनक 7 महीने बाद भी एसडीएम ब्यावरा गीतांजली शर्मा को नहीं है इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि आपूर्ति विभाग की जेएसओ स्वाती वायकर ने किस तरह नियमों को ताख पर रखकर अपने मनमाने ठंग से काम किया है। बाजार में दुकानदार और आपूर्ति विभाग की सांठगांठ की चर्चा भी आम हो चली है।

### राशन कम कराने शहर में दलाल सक्रिय, हरिभूमि जल्दी करेगा डी-कोड

ब्यावरा जेएसओ स्वाती वायकर जिनके पास राजगढ़ का चार्ज भी है उनकी मीडिया से दूरी एवं बिना राजस्व के गोलमोल कार्यशैली से यह बात तो जाहिर हो रही है कि दाल में कुछ काला है यहां तक की कई ऐसी बातें सामने आई है जिससे दुकानों का राशन कम करने के लिए ब्यावरा शहर में दलाल सक्रिय हैं जो जेएसओ और दुकानदार के बीच साठगांठ का पुल तैयार कर राशन कम करवाते है। हरिभूमि जल्दी ही ऐसे दलालों का नाम भी प्रकाशित करेगा जिससे राशन माफियाओं के सिंटीकेट को डीकोड किया जा सके।

### इनका कहना है...

आप ऑफिस में आइए डाटा बहुत सारा है, ऐसे मैं आपको नहीं बता पाऊंगा।

अजीत सिंह, जिला आपूर्ति अधिकारी राजगढ़

# जिले के कोटवारों ने मांगों को लेकर सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

*15 अगस्त तक मांगें पूरी न होने पर निकालेंगे तिरंगा यात्रा*



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले की विभिन्न पंचायतों में बेहद कम मानदेय पर कार्यरत कोटवार सालों से लंबित अपनी मांगों को लेकर सोमवार को मुख्यालय पर एकत्रित हुए। यहां सभी ने अपनी मांगों के संबंध में मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार अनिल शर्मा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के जरिए कोटवारों को परमानेंट करने की मांग प्रमुखता के साथ उठाई गई। इसके साथ ही 2007 में हुई कोटवार पंचायत में की गई घोषणा अनुसार कोटवारों को पात्रता परीक्षण कर सेवा/मालगुजार भूमि स्वामित्व प्रदान करते हुए सेवा भूमि अतिक्रमण मुक्त करवाने की मांग रखी गई। इसके साथ ही कोटवारों की वर्दी की राशि पूर्व की भांति उनके बैंक खातों के माध्यम से भुगतान करने, कोटवार की सेवाकाल में मृत्यु होने पर 10 लाख रुपए की अनुगृह सहायता प्रदान करते हुए आश्रित को चतुर्थ श्रैणी पद पर अनुकंपा नियुक्ति देने, कोटवार को सेवा से पृथक करने का अधिकार तहसीलदार के स्थान पर कलेक्टर को देने, कोटवार के सेवामुक्त होने पर कोटवार के परिवार के सदस्य को कोटवार पद पर नियुक्ति सहित सभी कोटवारों को शासन की तरफ से बैलेंस के साथ सीयूजी सिम देने सहित अन्य मांगे रखी गई हैं।

### मांगें पूरी नहीं होने पर विरोध स्वरूप निकालेंगे तिरंगा यात्रा

सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख है कि आगामी 15 अगस्त तक कोटवार संघ की सभी मांगों पर आदेश जारी करवाए जाएं। ऐसा न होने की स्थिति में प्रदेश के सभी 38 हजार कोटवार मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सम्मुख व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर सभी जिलों से तिरंगा यात्राएं निकालते हुए भोपाल पहुंचने के लिए बाध्य होंगे।

रेलवे के अधिग्रहण में जा रहे हैं मकान व प्लॉट

# हेडगेवार कॉलोनी के बाशिंदों ने एसडीएम के सामने रखा अपना पक्ष

**राजगढ़।** क्षेत्र से होकर गुजरने वाली भोपाल-रामगंज मंडी रेलवे लाईन की जद में हेडगेवार कॉलोनी के 9 मकान सहित आधा दर्जन से अधिक प्लॉट आ रहे हैं। लेकिन, पूर्व के वर्षों में हुई प्रशासनिक त्रुटियों के चलते इन मकानों एवं प्लॉट मालिकों को अभी तक किसी तरह का कोई मुआवजा नहीं मिल पाया है।

ऐसे में प्रशासन की तरफ से मिले नोटिस उपरान्त सोमवार को रेलवे परियोजना से प्रभावित उक्त सभी मकान मालिक एवं प्लॉट स्वामित्वधारियों ने एसडीएम रत्नेश श्रीवास्तव से भेंट की। इसके साथ ही सभी प्रभावितों ने अपने-अपने मकानों की रजिस्ट्री, नामांतरण, नगर पालिका को हर वर्ष देय संपत्तिकर सहित अन्य सभी तरह के वैध दस्तावेज प्रशासन को उपलब्ध करवाए। एसडीएम श्री श्रीवास्तव ने सभी प्रभावितों की बात को धैर्य से सुनते हुए कहा कि चूंकि, यह मामला हाईकोर्ट में विचाराधीन है ऐसे में वहां से कोई निर्णय होने के उपरान्त ही मुआवजा वितरित किए जाने के संबंध में कार्यवाही आगे बढ़ाई जा सकेगी।



### *अनेकों वर्षों से कॉलोनी में निवासरत हैं रहवासी*

*उल्लेखनीय है कि रेलवे परियोजना से प्रभावित हो रहे उक्त सभी 9 मकानों व प्लॉटों के मालिक बीते 30-40 वर्षों से हेडगेवार कॉलोनी में निवासरत हैं। अब आने वाले समय में ही स्पष्ट हो जाएगा कि प्रभावितों के मकान बगैर मुआवजे के ही ढहाए जाएंगे या उन्हें न्याय मिल पाएगा।*

## मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारियों को लेकर नेता व अफसरों ने किया मौका मुआयना



**नरसिंहगढ़।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के 12 जुलाई को शहर में प्रस्तावित दौरे को लेकर प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की तैयारियां जोरों पर हैं। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर सोमवार को मंत्री नारायण सिंह पंवार, गौतम टेटवाल, विधायक मोहन शर्मा, कलेक्टर गिरीश मिश्रा, एसपी अमित तोलानी, सीईओ तेजस्वी सहित अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थलों का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस मौके नेता, अफसरों ने स्थल निरीक्षण कर साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग, यातायात संचालन और जनसभा की बैठने की व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। वहीं स्थानीय विधायक ने भी जनपद सभाकक्ष में सरपंच, सचिव, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की मीटिंग ली।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने यह सुनिश्चित किया कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने मंच की व्यवस्था, वीआईपी आगंतुकों की बैठने की व्यवस्था, मीडिया के लिए अलग प्लेटफॉर्म और आमजन के लिए उचित इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही बारिश की संभावनाओं को देखते हुए वैकल्पिक योजना तैयार करने को भी कहा गया। स्थानीय प्रशासन ने बताया कि मुख्यमंत्री की यात्रा को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। जगह-जगह पर पुलिस बल की तैनाती होगी, साथ ही ड्रोन कैमरों से निगरानी की जाएगी। चिकित्सा सुविधा, पेयजल व्यवस्था, प्राथमिक उपचार केंद्र और अग्निशमन दल की भी व्यवस्था की जा रही है। नेताओं और अफसरों ने संयुक्त रूप से कहा कि मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर सभी तैयारियां निर्धारित समय पर पूरी कर ली जाएंगी और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कार्यक्रम सुव्यवस्थित और सफलतापूर्वक संपन्न हो।मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर आम लोगों में भी खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। लोगों को उम्मीद है कि उनके जिले को मुख्यमंत्री से कोई बड़ी सौगात मिल सकती है।

# महज ढाई हजार के लेन-देन विवाद में चले लट्ठ-फर्सी, 7 लोग घायल

## घायलों में बच्चे, महिलाएं भी शामिल, 7 लोगों पर एससी, एसटी और अन्य धाराओं में एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

महज ढाई हजार रुपए की उधारी के विवाद में रविवार रात्रि ढंढ गांव के एक ही परिवार के लोगों ने दाताग्राम निवासी दलित परिवार पर लट्ठ, फर्सी व अन्य हथियारों से हमला कर दिया। इस हमले में बच्चों और दो महिलाओं समेत सात लोग घायल हो गए। घटना के बाद एम्बुलेंस और पुलिस की मदद से घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया जहां सभी का इलाज जारी है। मामले में पुलिस ने ढंढ गांव के 7 लोगों पर अनुसूचित जाति, जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### क्या है पूरा मामला

दाताग्राम निवासी नवीन पिता महेश कुमार जाटव ने तीन महीने पहले ढंढ गांव निवासी अमृतलाल सौंधिया से ढाई हजार रुपए उधार लिए थे। यह रुपए लौटाने को लेकर अमृतलाल और परिजनों ने नवीन को चार दिनों पहले अपने घर पर बंधक बना लिया लेकिन बाद में उसे छोड़ दिया। नवीन को बंधक बनाए जाने संबंधी एक आवेदन उसके परिजनों द्वारा उसी दिन अजाक थाने में दिया गया था लेकिन उक्त आवेदन पर कोई कार्यवाही नहीं हुई।

रविवार रात्रि धनवास जोड़ पर नवीन फिर से अमृतलाल सौंधिया को नजर आने पर वो उससे पैसे मांगने लगा और नवीन से मारपीट शुरू कर दी। उसी समय नवीन के चाचा महेश कुमार पिता मोहनलाल भी वहीं से गुजर रहे थे। अपने भतीजे नवीन के चिल्लाने की आवाज सुनकर जब वे मौके पर पहुंचे तो अमृतलाल और उनके परिजनों ने लट्ठ और फर्सी से मारपीट शुरू कर दी। इस झगड़े और मारपीट की खबर नवीन के अन्य परिजनों मुन्नीबाई, ऊषाबाई, लोकेश, निशांत को मालूम हुई तो वे भी घटनास्थल पहुंचे जहां पहले से हथियारों मारपीट कर रहे लोगों ने इन सभी को भी जमकर पीटा जिसमें किसी के सिर में गंभीर चोंट आई तो किसी के हाथ, पैर और कंधों में गंभीर चोंटे पहुंची।



### डॉयल 100 वाहन को दी गई सूचना

घटना के बाद डायल 100 वाहन एवं एम्बुलेंस को सूचना दी गई। जिसके बाद सभी घायलों को रात में ही उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया।

### इन पर दर्ज हुआ प्रकरण

मामले में महेश जाटव की रिपोर्ट पर राजगढ़ कोतवाली थाने में 7 आरोपियों पर एससी/एसटी सहित अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई। आरोपियों में अमृतलाल पिता पूरजी सौंधिया, मिथुन पिता अमृतलाल सौंधिया, कालू पिता पूरजी सौंधिया, धीरप पिता पूरजी सौंधिया, फूलसिंह पिता पूरजी सौंधिया, संतोषबाई पिता अमृतलाल सौंधिया सर्व निवासी ग्राम ढंढ एवं भगवान सिंह निवासी लालतलाई थाना कालीपीठ शामिल हैं।

## पत्थर से सिर कुचलकर हत्या करने वाले दोषी को दी उम्रकैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

हत्या के एक आरोपी को न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर 5 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है। घटना 8 दिसंबर 2024 की है। गुलाबगंज में मृतक सूरज पारदी अपनी चाची ज्योति पारदी के साथ बैठा था। इसी दौरान नशे में धुत आरोपी बसंत सूर्यवंशी वहां आया। उसने सूरज से गाली-गलौच शुरू कर दी। विवाद बढ़ने पर आरोपी ने पहले पत्थर से सूरज के सिर पर वार किया। फिर चाकू से उसके सीने पर हमला कर दिया। ज्योति के बीच-बचाव करने की कोशिश पर आरोपी मौके से फरार हो गया। घायल सूरज को 108 एंबुलेंस से गुलाबगंज के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। ज्योति पारदी की शिकायत पर थाना गुलाबगंज में हत्या का मामला दर्ज किया गया।

## कर्बला रवाना हुई आलम साहब की सवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

मोहर्रम की 10 तारीख को मुस्लिम समाज के लोग हजरत इमाम हुसैन की शहादत के रूप में मनाते हैं। जनरल मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष चौधरी मुशाहिद अली ने बताया कि आलम साहब की सवारी अपने मुकाम से 5:30 बजे उठकर कर्बला के लिए रवाना हुई। शहर की तमाम सवारियां अपने-अपने समय अनुसार उठकर कर्बला नदी पर जाएंगीं। रात के ठीक 1:30 पर सभी ताजिए बेतवा स्थित कर्बला कुंड में विसर्जन के लिए जाएंगे।

इस अवसर पर मुस्लिम एवं सभी समाज के सभी गणमान्य लोग जुलूस में शामिल हुए। इस दौरान इमामबाड़ा कमेटी के अध्यक्ष शरीफउद्दीन चौधरी शादाव, चौधरी फरहत अली, जुबेर अहमद पासा, सोहेल अहमद बबलू, टीपू पठान, आरिफ मंसूरी मौजूद रहे। यह जानकारी ऑल इंडिया मुस्लिम त्यौहार कमेटी के जिला अध्यक्ष सोहेल अहमद बबलू ने दी।



मंत्री पंवार ने श्यामाप्रसाद मुखर्जी की जयंती पर अर्पित की पुष्पांजलि

# डॉ. मुखर्जी ने भारतीय जनसंघ की स्थापना कर देश में राष्ट्रवादी विचारधारा को मजबूत करने का काम किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

रविवार को ब्यावरा और सुठालिया कार्यालय में जनसंघ के संस्थापक और प्रख्यात विचारक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री नारायण सिंह पंवार ने डॉ. मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर मंत्री पंवार ने डॉ. मुखर्जी के राष्ट्र निर्माण में दिए गए अतुलनीय योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि मैं श्रद्धेय डॉ. मुखर्जी के चरणों में नमन करता हूँ, वे एक ऐसे दूरदर्शी नेता थे जिन्होंने देश की एकता और अखंडता के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने जम्मू-कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाए रखने के लिए किए गए उनके प्रयासों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए उन्हें विशेष जोर दिया। मंत्री पंवार ने यह भी उल्लेख किया कि डॉ. मुखर्जी ने भारतीय जनसंघ की स्थापना कर देश में राष्ट्रवादी विचारधारा को मजबूत करने का काम किया। उन्होंने शिक्षा, उद्योग और राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में उनके विचारों और योगदान को भी रेखांकित किया। इस कार्यक्रम में ब्यावरा मंडल और सुठालिया मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी हिस्सा लिया और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि अर्पित की।



### मंत्री पंवार ने जयंती के अवसर पर किया पौधारोपण

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणास्पद अभियान 'एक पेड़ मां के नाम 2.0' के अंतर्गत और श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर ब्यावरा के वार्ड क्र. 06 और सुठालिया के बृजधाम के उद्यान में पौधरोपण किया और सभी से कहा कि यह अभियान केवल पर्यावरण संरक्षण नहीं, मातृत्व के प्रति संवेदना और सम्मान का भी प्रतीक है। उन्होंने सभी से अपील है करते हुए कहा कि इस वर्षा ऋतु में कम से कम एक पौधा जरूर लगाएं और पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दें।

# मजिस्ट्रेट गजल पाहवा ने दलबल के साथ की मजिस्ट्रेट वाहन चेकिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शुजालपुर



जिले में आए दिन होने वाले सड़क हादसे में रोक लगाने के लिए बिना हेलमेट व सीट बेल्ट वाहन चलाने वालों को दृष्टिगत रखते हुए थाना अवंतिपुर बड़ोदिया क्षेत्र अंतर्गत खाती खेड़ी जोड़ पर प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट गजल पाहवा द्वारा न्यायालय स्टाफ एवं थाना प्रभारी अवंतीपुर बडोदिया उपनिरीक्षक घनश्याम बैरागी, चौकी प्रभारी उप निरीक्षक मुनेश्वर राम भगत तथा पुलिस बल के साथ मंगलवार को मोबाइल कोर्ट लगाकर मजिस्ट्रेट वाहन चेकिंग की गई। जिसमें लोगों को यातायात के नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया गया तथा नियम विरुद्ध पाए जाने वाले वाहनों का चालान भी बनाया गया, जिन मोटर साइकिल चालकों के पास हेलमेट नहीं थे उनको निशुल्क हेलमेट वितरण किया गया। वहीं समस्त यातायात नियमों का पालन कर वाहन चलाने वाले चालकों को चाकलेट वितरण की गई। वाहन चालकों द्वारा मोटर व्हीकल एक्ट का पालन न करते हुए पाए जाने पर 27 चालकों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही करते हुए 13500 का जुर्माना वसूल किया गया। चालानी कार्रवाई में थाना अवंतिपुर बड़ोदिया व तिलावद चौकी का समस्त पुलिस बल उपस्थित रहा।



